तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, बुधवार 20 नवंबर 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



12 एनडीआरएफ टीम ने भूकंप व आग जैसी आपदा में भवन में फंसे ...



10 8 साल में नाला कटाव से हुआ 40 फीट चौड़ा फंड नहीं ...




# कई मतदाताओं के नाम दूसरे वार्ड में शिफ्ट, संख्या में भी भारी असमानता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

नगर पालिका चुनाव के लिए वोटर लिस्ट जारी होते ही उस पर सवाल उठने लगे हैं। जारी सूची में मतदाताओं को उनके वार्ड से दूसरे वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया है।

ऐसे मतदाताओं की संख्या एक दो नहीं, बड़ी सैकड़ों में है। इसके अलावा कई मतदाता का नाम सूची में शामिल ही नहीं है । जारी सूची में वार्ड नंबर 4 पर जहां मात्र 592 मतदाता हैं, वहीं 7 में 1735 मतदाता हैं, जबकि इसके उल्ट विधान सभा चुनाव के वक्त सभी वार्ड की संख्या बराबर बताई जा रही है। हालांकि 25 नवंबर तक दावा आपत्ति दर्ज कराई जा सकती है। लेकिन यहां पर प्रश्न उठ रहा है कि जो मतदाता जागरूक हैं, वे अपने नाम जोड़ने आवेदन दे सकते हैं, लेकिन कई मतदाता ऐसे हैं, जो इन त्रुटियों पर ध्यान केंद्रित नहीं कर पाते। इससे वे अपने मतदान के अधिकार से वंचित हो जाते हैं। बहरहाल प्रारंभिक मतदाता सूची जारी होते ही कांग्रेस ने इस पर गंभीर अनियमितता करार देते हुए आपत्ति दर्ज कराई है।

## कांग्रेस ने नगर पालिका चुनाव के लिए जारी मतदाता सूची पर जताई आपत्ति

### प्रारंभिक मतदाता सूची में भारी अनियमितता बरती गई : कांग्रेस



शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुमन गोस्वामी ने कहा कि प्रारंभिक मतदाता सूची में भारी अनियमितता बरती गई है। प्रत्येक वार्ड की मतदाता सूची में वार्ड में सैकड़ों नाम दूसरे वार्ड में शामिल कर दिए गए हैं। इससे निर्वाचन आयोग की शुद्ध मतदाता सूची पर सवालिया निशान लग गया है। प्रारंभिक मतदाता सूची के अनुसार वार्ड के मतदाता संख्या में भी भारी असमानता है। सबसे कम मतदाता वार्ड 4 में मात्र 592 हैं, वहीं उससे लगे वार्ड 7 में लगभग तिगुना 1735 मतदाता हैं। इसी तरह पूरे वार्ड के मतदाताओं की संख्या में भारी अंतर है। मतदाता सूची में दावा आपत्ति के लिए 25 नवंबर तक की तिथि निर्धारित की गई है। सूची में समय रहते सुधार नहीं किया गया, तो वार्ड के लोगों को मतदान के लिए काफी मशक्त करनी पड़ेगा। कई लोग मतदान से वंचित भी हो सकते हैं।




### नए वोटरों को बड़ी राहत, 1 अक्टूबर से अर्हता का निर्धारण

संशोधन आदेश के बाद 1 अक्टूबर तक 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवाओं के नाम स्थानीय नगरीय निकाय चुनाव की मतदाता सूची में शामिल किए जाएंगे। यानी, उन्हें वोट डालने का अधिकार होगा। पूर्व में राज्य निर्वाचन आयोग ने कहा था कि, वोटर की उम्र 1 जनवरी 2024 में 18 वर्ष होनी चाहिए। इसके बाद बालिग होने वालों को संभावित निकाय चुनाव में वोट डालने का अधिकार नहीं दिया था। लेकिन, अब जो मतदाता 1 अक्टूबर तक 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके होंगे, वे सभी स्थानीय नगरीय निकाय चुनाव की मतदाता सूची में शामिल किए जाएंगे। पूर्व में वोटर लिस्ट का व अंतिम प्रकाशन 27 नवंबर को होने वाला था, लेकिन वोटर लिस्ट का अंतिम प्रकाशन अब 11 दिसंबर को किया जाएगा। इससे पहले यदि किसी मतदाता के नाम, फोटो या अन्य विवरण में कोई त्रुटि हो तो उसे वे सुधरवा भी सकते हैं।

### नाम जुड़वाने करें आवेदन

इस संबंध में नगर पालिका बेमेतरा के सीएमओ कोमल ठाकुर ने बताया कि वार्डों के वोटर लिस्ट में यदि किसी का नाम नहीं है, तो वह भी आवेदन कर सकता है। नाम नहीं होने पर वह फॉर्म क-1 जमा करेगा। फॉर्म जमा करने की अंतिम तारीख 25 नवंबर है। यदि उसका नाम अन्य वार्ड में जुड़ गया है या वह अन्य संशोधन करवाना चाहता है, या फिर नाम विलोपित करवाना चाहता है, तो उसे क्रमश फॉर्म क, ख व ग भरकर देना होगा। किसी प्रकार की त्रुटि है, इस पर राजनैतिक दल से जुड़े जनप्रतिनिधि व आम मतदाता आवेदन देकर सुधार करा सकते हैं। इसके लिए 25 नवंबर तक का समय निर्धारित है। उक्त तिथि तक दावा आपत्ति दर्ज कराई जा सकती है। साथ ही शहर के 11 स्थानों पर आवेदन लेने वाली कर्मचारी नियुक्त है।

## खबर संक्षेप

### विद्यार्थियों को निरंतर अच्छे कार्य के लिए प्रोत्साहित करने प्रतिमाह पुरस्कार

**डौंडीलोहारा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय संजारी के व्याख्याता शिवेन्द्र बहादुर ने अपने विद्यालय के विद्यार्थियों के उत्साहवर्धन व प्रोत्साहन के लिए प्रतिमाह होनहार व अलग-अलग विधा में बेहतर कार्य करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत करने का नवाचार अपनाया है। उनका मानना है कि इससे बच्चों में बेहतर करने के गुण का विकास किया जा सकता है। बच्चे स्वभाव से क्रियेटिव सोच के साथ आगे बढ़ते हैं। उनके हुनर को एक मंच की आवश्यकता होती है। विद्यालय में बच्चे नित नया सीखने का प्रयास करते हैं। बच्चों को उनके बेहतर कार्यों के लिए शिक्षक द्वारा प्रोत्साहित करना अति आवश्यक है। व्याख्याता शिवेन्द्र बहादुर द्वारा पढ़ाई के लिए मेरे घर में मेरा कोना प्रतियोगिता के तहत सभी प्रतिभागी बच्चों के लिए प्रोत्साहन पुरस्कार नवाचार चलाया गया था, जिसमें बच्चों ने उत्साह के साथ भाग लिया था। वे नेवता भोज को भी नागरिकों के स्कूलों के साथ जुड़ाव के लिए बेहतर योजना मानते हैं।

### जिला स्तरीय साहू युवक युवती परिचय सम्मेलन 8 को

**डौंडीलोहारा।** जिला साहू संघ बालोद के तत्वावधान में जिला स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन व सामाजिक वैवाहिक परिचायिका तैलिक ज्योति का विमोचन 8 दिसंबर को जिला साहू सदन बालोद में दोपहर 12 बजे से रखा गया है। प्रदेश आईटी प्रकोष्ठ संगठन सचिव शिवेन्द्र बहादुर साहू ने बताया कि प्रतिवर्ष जिला साहू संघ बालोद द्वारा उक्त कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इससे स्वजातीय युवक-युवतियों को एक मंच प्राप्त होता है। उन्होंने बताया कि तैलिक ज्योति पत्रिका में पंजीयन की अंतिम तिथि 24 नवंबर निर्धारित है।

### भाठागांव बी में श्रीमद् भागवत कथा आज से

**बालोद।** ग्राम भाठागांव बी में जिला कार्यकारिणी सदस्य भाजपा जिला बालोद व पूर्व अध्यक्ष परिक्षेत्र साहू समाज माहुद बी दोषण लाल साहू द्वारा अपनी माता शांतिदेवी साहू, पिता सुभेलाल साहू एवं भ्राता भूषण लाल साहू की स्मृति में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 20 से 26 नवंबर तक गौठान दैहान बस स्टैण्ड भाठागांव बी में किया गया है। कथावाचक संत राजीवनयन महाराज होंगे। कथा के दौरान संजीव नयन भजन प्रस्तुत करेंगे। कार्यक्रम की शुरुआत 20 नवंबर को 101 मंगल कलश की भव्य शोभायात्रा के साथ होगी। इसी दिन गणेश पूजन कर श्रीमद् भागवत महात्मय कथा दोपहर 1 बजे से शुरू की जाएगी। 21 नवंबर को शुकदेव जन्म एवं परीक्षित संवाद, 22 को कपिल भक्ति संवाद एवं ध्रुव चरित्र, 23 को जड़ भरत, गजेन्द्र मोक्ष, वामन अवतार, नरसिंह अवतार एवं श्री कृष्ण अवतार की कथा होगी। 24 नवंबर को कृष्ण बाल लीला, गिरीराज एवं छप्पन भोग, 25 को महारास लीला, उद्धव चरित्र एवं श्री कृष्ण रूखमणी विवाह तथा 26 नवंबर को सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष, तुलसी वर्षा एवं चढ़ौत्री होगी।

## चोरी ही नहीं, चोरी का सामान खरीदना भी अपराध, पुलिस ने दिया सख्त संदेश

# चार चोर चढ़े पुलिस के हत्थे, चोरी की बाइक खरीदने वाले 10 लोग भी सलाखों के पीछे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/साजा



**बाइक चोरी के आरोप में ये गिरफ्तार:** मोटर साइकिल चोरी के आरोप में हर्ष कुमार वर्मा पिता सुर्यकांत वर्मा उम्र 19 साल वार्ड नंबर 6 साजा, पोषण साहू पिता पीलाराम साहू उम्र 21 वर्ष, वार्ड क्रमांक 1 साजा, बादल कुमार स्वीपर पिता राजेश कुमार स्वीपर उम्र 19 साल, वार्ड नंबर 10 बजरंग चौक साजा थाना तथा गौरव साहू पिता मुकेश साहू उम्र 19 साल, वार्ड नंबर 15 नाठापारा थाना साजा को गिरफ्तार किया गया है।

थाना साजा की पुलिस एवं बेमेतरा की साइबर सेल ने मोटर साइकिल चोरी के आरोप में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही इस बार चोरी की मोटर साइकिल खरीदने वाले 10 लोगों को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। वहीं, चोरी की सभी मोटर साइकिलों के साथ ही एक मोबाइल भी जब्त किया गया है। इस कार्रवाई के साथ ही पुलिस ने यह सख्त संदेश भी दे दिया है कि कम दाम पर सामान मिलने के लालच में आकर चोरी की चीजों को खरीदने वालों को भी सजा भुगतनी पड़ेगी। इसलिए चोरी का सामान खरीदने से बचें।

साजा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना साजा क्षेत्र में प्रार्थियों द्वारा घर व शहर से मोटर सायकल को अज्ञात चोरों द्वारा चोरी किये जाने की रिपोर्ट लिखाई गई थी। इस पर विभिन्न धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। इस पर पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू के निर्देश व वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना साजा पुलिस तथा सायबर सेल बेमेतरा की संयुक्त टीम द्वारा थाना साजा क्षेत्र के शहर व गांव में लगातार अज्ञात चोरों व पुराने निगरानी, गुण्डा बदमाशों से पूछताछ की गई। इस पर चार आरोपियों हर्ष कुमार वर्मा, पोषण साहू, बादल कुमार स्वीपर और गौरव साहू को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। आरोपियों ने अकेले व साथ मिलकर कर नया बाजार साजा तथा घरों से 10 मोटर सायकल व मोबाईल चोरी करना स्वीकार किया। इसके साथ ही आरोपियों ने चोरी की मोटर सायकल को आसपास के क्षेत्रों में ग्राहकों की तलाश कर सस्ते दाम पर बेच दिया। पूछताछ के बाद आरोपियों की निशानदेही पर कुल लगभग 4 लाख रूपए कीमत की 10 मोटर साइकिल को जब्त किया गया। इसके साथ ही 1 मोबाईल भी बरामद किया गया। इसके साथ ही चोरी की मोटर सायकल होना जानते हुए भी बिना दस्तावेज के बाइक खरीदने वालों को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। चोरी की घटना से संबंधित सभी 14 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड में माननीय न्यायालय साजा पेश किया गया है। उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना साजा प्रभारी निरीक्षक चन्द्रदेव वर्मा, सायबर सेल बेमेतरा प्रभारी उप निरीक्षक मयंक मिश्र, प्रधान विजय साहू, गौरी शंकर शर्मा, नयनदास रात्रे, विजेन्द्र सिंह, आरक्षक गोलु पटेल, राजू यादव एवं सायबर सेल बेमेतरा प्रधान आरक्षक रविन्द्र तिवारी, विनोद पात्रे, लोकेश सिंह आरक्षक इन्द्रजीत पाण्डेय, सौरभ सिंह, मोती जयसवाल, विनोद सिंह, पंचराम घोरबंधे, महिला आरक्षक सरला भारती की टीम की प्रमुख भूमिका रही।

### चोरी की बाइक खरीदने के मामले में ये पकड़ाए

मोटर साइकिल चोरी के आरोप में चार आरोपियों को गिरफ्तार करने के साथ ही पुलिस ने चोरी की बाइक खरीदने वाले 10 लोगों को भी गिरफ्तार किया है। इनमें लेखराम निषाद पिता सेवाराम निषाद उम्र 27 साल चौकी देवरबीजा, असलम खान पिता जलालुद्दी खान उम्र 36 साल, कोदवा थाना साजा, मोनू साहू उर्फ भावेशा साहू पिता गोविंद साहू उम्र 20 साल, चोटमर्स चौकी देवरबीजा, गिरधारी यादव पिता राजेश यादव उम्र 20 साल, चोटमर्स चौकी देवरबीज, नरेश वर्मा पिता तिरथराम वर्मा उम्र 50 साल, डोंगीतराई थाना साजा शामिल हैं। इसी तरह विकास यादव पिता राजेश यादव उम्र 32 साल, वार्ड नबर 15 माठापारा साजा थाना, लक्की साहू पिता गुनीराम साहू उम्र 20 वर्ष, धौराभाठा थाना धमधा, शोभाराम साहू पिता रामलाल साहू उम्र 42 वर्ष, वार्ड नंबर 15, साजा थाना, मेघनाथ सेन पिता गजानंद सेन उम्र 22 वर्ष, बेगानाठ थाना धमधा जिला दुर्ग और अमित साहू पिता मनीराम साहू उम्र 23 वर्ष, सोढ़ थाना बेरला जिला बेमेतरा शामिल हैं।

## क्षेत्र के विकास व जनता की सेवा के लिए अपना कर्तव्य पूरा करता रहूंगा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ विधायक दीपेश ने जोहार भेंट मुलाक़ात में सुनी आमजनों की समस्या

विधायक दीपेश साहू ने अपने विधानसभा क्षेत्र के बेरला में जोहार भेंट मुलाक़ात कार्यक्रम की शुरुआत कर क्षेत्र की जनता से भेंट मुलाक़ात कर क्षेत्र से प्रमुख विषयों और जनता के सुझाव व क्षेत्र के विकास के लिए ग्रामवासियों और क्षेत्रवासियों से चर्चा की गई।

इस दौरान विधायक साहू ने कहा कि इस जोहार भेंट मुलाक़ात कार्यक्रम से हमारा मुख्य उद्देश जनता से सीधे संवाद और क्षेत्र से जुड़े प्रमुख विषयों को जानना है, ताकि उसका सही समय पर उचित निराकरण हो सकते और जनता की समस्याओं के समाधान के साथ ही क्षेत्र का विकास भी सुनिश्चित हो सके। जन आकांक्षाओं की पूर्ति हो या समृद्ध व खुशहाल बेमेतरा बनाने का हमारा जो संकल्प है, उसे पूरा करने के लिए जनता के सहयोग व सुझाव को ध्यान में रखते हुए अपने कर्तव्यों को पूरा करने हम कटिबद्ध है। आज बेरला में जोहार भेंट मुलाक़ात के माध्यम से क्षेत्रवासियों को उनके गाँव के नजदीक ही शासकीय योजनाओं की जानकारी व उसके लाभ के साथ ही स्थानीय मुद्दों, उनकी आवश्यकताओं व समस्यों का त्वरित निराकरण की सुविधा उन्हें मिलेगा। इसके लिए उन्हें जिला अथवा तहसील कार्यालय आने-जाने की असुविधा नहीं उठाना पड़ेगा। विधायक दीपेश साहू ने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि जनता को मूलभूत सुविधाएँ और शासकीय योजनाओं का अधिक से अधिक मिल सके ▶▶| शेष पेज 10 पर

## खम्हरिया एम स्कूल में सीमेंटीकरण कार्य के लिए किया गया भूमिपूजन



**बेरला।** जनपद पंचायत बेरला के निकटवर्तीय आने वाले ग्राम पंचायत खम्हरिया एम के शासकीय प्राथमिक शाला प्रांगण में सीमेंटीकरण के लिए बेरला जनपद अध्यक्ष ने भूमिपूजन किया। बता दें कि स्कूल में काफी समय से स्कूल प्रांगण की सीमेंटीकरण की मांग की जा रही थी। इस समस्या को जनपद सदस्य अमरीका साहू ने संज्ञान में लिया। इस तन्मयता के साथ बेरला जनपद अध्यक्ष प्रीतम सिंह चंदेल बहुप्रतीक्षित मांग देखते हुए जल्द समाधान कर गौण खनिज जनपद स्तर से प्राथमिक स्कूल प्रांगण में सीमेंटीकरण के लिए भूमिपूजन किया गया।

इस अवसर पर जनपद सदस्य अमरीका साहू, लीलाराम साहू ग्राम पंचायत सरपंच दिलहरण साहू, उपसरपंच सुखचंद साहू, पंच सितु साहू, व्यशा साहू, बिसंभर साहू, राजू सेन, पेखन साहू, गगन साहू सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## सिंघौरी स्कूल में परख परीक्षा के लिए हुआ मॉक टेस्ट



**बेमेतरा।** जिला मुख्यालय स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सिंघौरी में राष्ट्रीय परख सर्वेक्षण मॉक टेस्ट का आयोजन किया गया। टेस्ट में कक्षा छठवीं के बच्चों ने भाग लिया। केंद्रीय स्कूल शिक्षा मंत्रालय द्वारा छत्तीसगढ़ के विभिन्न स्कूलों में विद्यार्थियों की दक्षता का परीक्षण करने के लिए चार दिसम्बर को परख सर्वेक्षण परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। जिसकी तैयारी के लिए प्रथम मॉक टेस्ट का आयोजन 18 नवंबर को किया गया। यह टेस्ट आगामी ▶▶| शेष पेज 10 पर

## बेसिक स्कूल मैदान में राजरानी छाबड़ा स्मृति क्रिकेट स्पर्धा शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ पूर्व विधायक आशीष ने किया प्रतियोगिता का शुभारंभ



शहर के बेसिक स्कूल मैदान में एकता क्रिकेट क्लब द्वारा स्वर्गीय राजरानी छाबड़ा की स्मृति में टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मंगलवार प्रतियोगिता का शुभारंभ क्षेत्र के पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने किया।

इस दौरान श्री छाबड़ा ने खिलाड़ियों से उनका का परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक आशीष छाबडा ने कहा कि आज के माहौल में टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का चलन काफी तेजी से बढ़ता जा रहा है। हर जगह शहर से लेकर गाँव-गाँव तक लगातार टेनिस बाल क्रिकेट मैच का आयोजन किया जा रहा है। युवा साथियों ने एकजुटता का परिचय देते हुए आपसी समरसता, भाईचारे के साथ मिलकर एक बढ़िया माहौल में क्रिकेट प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया, इस भव्य आयोजन के लिए एकता क्रिकेट क्लब बेमेतरा बधाई के पात्र हैं, जो इस आयोजन को कर रहे हैं। इस अवसर पर पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अवनीश राघव जिला कांग्रेस कमेटी महामंत्री ललित विश्वकर्मा पार्षद मनोज शर्मा रवि रजक नन्नू रजक अभिषेक शर्मा निहित वर्मा टोन यादव असलम खान राजेश साहू अजीत छाबड़ा देवेंद्र भतरे, जुनैद सहित कांग्रेस कार्यकर्ता तथा बेमेतरा के नागरिक व खिलाड़ी उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने ली जिला स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की प्रबंधन समिति की बैठक

# शौचालय बुनियादी सुविधा ही नहीं, बल्कि यह आत्मसम्मान व स्वस्थ जीवन का प्रतीक भी है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा




विश्व शौचालय दिवस-2024 के अवसर पर कलेक्टर रणबीर शर्मा की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट के दिशासभा कक्ष में जिला स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की प्रबंधन समिति की बैठक हुई।

बैठक में मुख्य कार्य पालन अधिकारी जिला पंचायत टेकचंद्र अग्रवाल ने जिला स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत किए गए कार्यों का ब्यौरा दिया। उन्होंने बताया कि आज विश्व शौचालय दिवस-2024 के अवसर पर ग्राम किरकी में कार्यक्रम आयोजित है। बैठक में अपर कलेक्टर अनिल बाजपेयी, एडीएम प्रकाश भारद्वाज, प्रबंधन समिति के सदस्य उपस्थित थे। कलेक्टर शर्मा ने कहा कि विश्व शौचालय दिवस हर वर्ष 19 नवंबर को स्वच्छता और शौचालय सुविधाओं की महत्ता को उजागर करने के लिए मनाया जाता है। इस वर्ष बेमेतरा जिले में "हमारा शौचालय, हमारा सम्मान" अभियान के तहत 19 नवंबर से विशेष कार्यक्रमों और गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना, शौचालय के महत्व को समझाना और स्वच्छ भारत मिशन को आगे बढ़ाना है। इस वर्ष का अभियान लोगों को यह संदेश देने पर केंद्रित है कि शौचालय न केवल एक बुनियादी सुविधा है, बल्कि यह आत्मसम्मान और स्वस्थ जीवन का प्रतीक भी है। इसके माध्यम से स्वच्छता को बढ़ावा देने, खुले में शौच मुक्त (ओडीएफ) समाज का निर्माण करने और समुदायों को इस दिशा में जिम्मेदारी लेने के लिए प्रेरित किया जाए।

### इस बार का विषय है शौचालय - शांति का स्थान

उल्लेखनीय है कि 19 नवंबर को विश्व शौचालय दिवस मनाया जाता है। इस बार का विषय है शौचालय - शांति का स्थान। विश्व शौचालय दिवस एक वार्षिक संयुक्त राष्ट्र दिवस है, जिसे दुनिया भर में सार्वजनिक अभियान के माध्यम से बढ़ावा दिया जाता है, जो वैश्विक स्वच्छता संकट से निपटने के लिए कार्रवाई को प्रोत्साहित करता है।

## सालभर पहले सूने मकान का ताला तोड़ा, दो गिरफ्तार

**भिलाई।** सूने मकान का ताला तोड़कर चोरी करने के मामले में पुलिस एक युवक को गिरफ्तार किया है। इकके साथ एक अपचारी बालक भी पकड़ा गया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि ग्राम उमरपोटी नरेन्द्र कुमार भारती अपने घर में ताला जड़कर परिवार के साथ पुत्री के पास बिलासपुर गया था। घर वापस लौटने पर मकान का सारा सामान बिखरा पड़ा मिला। सोने चांदी के जेवरात व नगदी 4 हजार रुपए गायब मिले। इसके अलावा उमरपोटी निवासी मो. रफीक के मकान से भी सोना चांदी के जेवरात,मोबाईल फोन नगदी कुल 60 हजार रुपए का सामान चोरी हुआ था। मुखबिर की सूचना मिली कि स्टेशन मरोदा निवासी गौरव उर्फ आशु यादव और अपचारी बालक सोना चांदी के जेवरात बेचने ग्राहक की तलाश कर रहे थे। गौरव यादव उर्फ आशु ने स्वीकार किया। उक्त दोनों चोरी दोस्त के साथ मिलकर की।


**पाठक सूचना**

बेमेतरा जिले में

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

## खबर संक्षेप



### मुआवजे दिलाने की मांग कलेक्टर के नाम ज्ञापन

**रायपुर।** पीड़ित किसानों को मुआवजा दिलाने की मांग को लेकर जिला कांग्रेस अध्यक्ष उधोराम वर्मा ने सोमवार को फिर से चरोदा के किसानों के साथ धरसींवा पहुंचकर कलेक्टर के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। साथ ही पीड़ित किसानों ने अपनी आपबीती बताकर सिंचाई विभाग की घोर लापरवाही के संबंध में जानकारी दी। किसानों को तहसीलदार धरसींवा ने आश्वस्त किया कि जल्द से जल्द निरीक्षण कराकर फसल की क्षतिपूर्ति की राशि देने की बात कही। इस मौके पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्री वर्मा ने बताया कि चरोदा के किसानों के साथ प्रभावित किसानों के खेत में पहुंचकर किसानों से जानकारी ली। ज्ञापन देने वालों में कन्हैया यादव, तारकेश्वर वर्मा, साहिल खान, रामप्रताप वर्मा, तारकेश्वर वर्मा, संजय वर्मा, मोहन साहू, अनवर बेग, दाऊराम धीवर, खेदूराम यादव, पूरनलाल साहू, डॉ. जिवराखन वर्मा आदि शामिल थे।

### नियमों को ताक पर रखकर एयरपोर्ट पर खुली शराब दुकान

**रायपुर।** शराबबंदी करने का वादा करने वाली भाजपा सरकार स्वामी विवेकानंद परिसर को भी नहीं छोड़ रही है। सालभर में कोई काम नहीं किया, जगह-जगह शराब दुकान खोलने में कोई कमी नहीं कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ संयुक्त किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अनिल दुबे, ब्राह्मण समाज के हिमांशु तिवारी, किसान मोर्चा के दाऊ जीपी चंद्राकर, दीनदयाल वर्मा, जागेश्वर प्रसाद, वेगेंद्र सोनबेर, लालाराम वर्मा, चेतन देवांगन, महेंद्र कौशिक, छन्नू साहू, नंदकुमार साहू, विमल ताम्रकार, बृजबिहारी साहू, गणपति पटेल, अशोक कश्यप, दशरथ सिन्हा, चूड़ामणि पटेल, परसराम ध्रुव, जगदंबिका साहू, हेमसागर पटेल, डेविड चंद्राकर, नाथूराम सिन्हा ने कहा है कि स्वामी विवेकानंदजी के नाम से रायपुर का एयरपोर्ट है। वहां मुख्यमंत्री ने निजी लाभ के लिए सभी नियमों को ताक पर रखकर परिसर में शराब बिक्री केंद्र खुलवाया है। वहां भी शराब रेस्टोरेंट खोलने का लाइसेंस दिया जाए, एयरपोर्ट से अधिक लाभ होगा। यह सरकार अपनी ही कब्र खोद रही है।

### जिले से बॉडी बिल्डर की चयन स्पर्धा कल

**रायपुर।** उज्जैन में 1 दिसंबर को वेस्टर्न इंडिया बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। इस चैंपियनशिप के लिए रायपुर जिले से बॉडी बिल्डर का चयन 20 नवंबर को ताम्रकार प्लेटिनम फिटनेस जिम लाखेनगर चौक में रात्रि 8.30 बजे रखा गया है। रायपुर जिला बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन के सचिव मानिक ताम्रकार ने बताया कि इस चयन प्रतियोगिता में रायपुर जिले के सभी बॉडी बिल्डर महिला पुरुष भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिता विभिन्न वजन वर्गों के आधार पर किया जाएगा।

## पेज 9 के शेष

### क्षेत्र के विकास व ...

सड़क, बिजली, पानी, स्वच्छता एवं क्षेत्र से जुड़े प्रमुख विकास कार्यों की जानकारी सीधे जनता से संवाद करने पर स्पष्ट रूप से सामने आते हैं साथी उनके निराकरण के लिए बेहतर सुझाव भी जनता के द्वारा हमें मिलते हैं, जिसे पूरा करने का प्रयास हमेशा ही हमारा प्राथमिकता रहता है। हमें पूरा विश्वास है कि इस जोहार भेंट मुलाक़ात के माध्यम से अब उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण होगा साथ ही मूलभूत सुविधाओं का विस्तार कर समृद्ध बेमेतरा का हमारा संकल्प भी जन सहयोग व सुझाव से जरुर पूरा होगा।

### सिंघौरी स्कूल में ...

परीक्षाओं में मददगार साबित होगा।जिसका निरीक्षण संकुल प्राचार्य रामगोपाल चंद्राकर एंव संकुल समन्वयक धनीराम बंजारे द्वारा किया गया। परख सर्वेक्षण का आयोजन प्रधान पाठक मीनाक्षी शर्मा के मार्गदर्शन में शिक्षिका सरस्वती साहू, आगेश्वरी साहू एवं राजेश्वरी ठाकुर द्वारा किया गया।

# धान खरीदी के लिए समितियों को 220 करोड़ से अधिक की राशि जारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸। रायपुर

खास खबर


छत्तीसगढ़ में धान बेचने वाले किसानों को समय पर भुगतान के लिए मार्कफेड द्वारा राज्य की समितियों को 220 करोड़ 4 लाख 35 हजार से अधिक की राशि जारी कर दी गई है। अपैक्स बैंक के माध्यम से सभी 33 जिलों की समितियों को उनके बैंक खाते में राशि सोमवार को भेज दी गई है। भेजी गई राशि में प्रासंगिक व्यय और धान खरीदी के लिए प्रावधान किया गया है।

धान खरीदी 14 नवंबर से शुरू हुई। तीन दिन अवकाश के बाद सोमवार को फिर से धान की खरीदी सभी समितियों में हुई। पहले दिन 14 हजार से अधिक किसानों ने धान बेचा था। समितियों के खाते में राशि अंतरण के बाद अब इन किसानों के खाते में राशि का अंतरण कर दिया जाएगा। समितियों में राशि आहरण के लिए ''माइक्रो एटीएम'' की व्यवस्था भी दी जा रही है, जिससे कि किसानों को सुविधा हो। किसानों द्वारा समिति में धान विक्रय के 72 घंटे के भीतर राशि किसानों के बैंक खाते में अंतरित कर दी जायेगी।

## समितियों के बैंक खाते में मार्कफेड ने किया अंतरण

### खरीदी की लिमिट तय

धान खरीदी को लेकर मार्कफेड ने समितियों में खरीदी की लिमिट तय की है। उसके तहत ही छोटे और सीमांत किसानों को अधिकतम दो टोकन और बड़े किसानों को तीन टोकन दिए जाएंगे। किसानों का धान खरीदी से पहले पंजीकृत किसानों की एंट्री का मिलान किया जा रहा है, जिसमें रकबा और बी-1 अनुसार खरीदी की मात्रा तय होगी। धान खरीदी की प्रक्रिया बिना किसी परेशानी के पूरी करने के लिए सभी अनुविभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं।



### बोगस खरीदी रोकने बनी टीम

खाद्य मंत्री दयालदास बघेल के निर्देश पर धान रिसाइकलिंग बोगस खरीदी पर नियंत्रित करने के लिए अपर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय टीम द्वारा राज्य के अलग अलग संभागों में जिला कलेक्टरों के साथ संभाग स्तर पर विशेष कार्ययोजना बनाई गई है। धान खरीदी केन्द्रों में शिकायत एवं निवारण के लिये हेल्प लाइन नंबर भी चस्पा कर दिये गये हैं। विपणन संघ मुख्यालय स्तर पर शिकायत निवारण के लिए कंट्रोल रूम की स्थापना भी की गई है।

### 8 लाख बारदाने की जरूरत

धान खरीदी के लिए कुल 8 लाख गठान बारदाने की जरूरत होगी। समितियों में धान की सुरक्षा और अन्य उपायों को लेकर निर्देश जारी किए गए हैं। वहीं खरीदी के साथ धान के उठाव और रखरखाव के संबंध में पूरी जानकारी समितियों को देनी होगी। मार्कफेड द्वारा इसके लिए 4.02 लाख गठान नए बारदाने जूट कमिश्नर के जरिए खरीदी की है। साथ ही पीडीएस और पुराने बारदाने के माध्यम से खरीदी की जा रही है। सभी समितियों में धान की तौलाई के बाद बारदाने में भरकर रखा जा रहा है।

## निगम ने दो बार शासन को भेजा प्रस्ताव, मगर नहीं मिला बजट

# 8 साल में नाला कटाव से हुआ 40 फीट चौड़ा फंड नहीं मिलने से रिटेलिंग वॉल निर्माण रुका

हरिभूमि न्यूज ▸▸। रायपुर

हरिभूमि सरोकार

रायपुर शहर में कई नालों का कायाकल्प निगम और स्मार्ट सिटी ने मिलकर करवाया है। वहीं आउटर क्षेत्र दलदल सिवनी नाले के आसपास की बसाहट कई सालों से जलभराव की समस्या से जूझ रही है। राहत दिलाने के लिए निगम और जोन के जिम्मेदारों ने 8 साल में दो बार सर्वे किया और रिटेलिंग वॉल व कवर्ड नाला के लिए प्रस्ताव बनाया। पहली प्लानिंग फेल होने के बाद दूसरी बार जोन के जिम्मेदारों ने शासन को 1.07 करोड़ का प्रस्ताव भेजा।

दो साल में फंड नहीं मिलने से नाला अब तालाब का स्वरूप ले चुका है। इसकी बदबू से लोग परेशान हैं। राजधानी के आउटर इलाके में जहां तेजी से बसाहट बढ़ रही है, वहीं जिम्मेदार पानी निकासी की समस्या से राहत देने के लिए की गई प्लानिंग को बजट के अभाव में आकार नहीं दे पाए हैं। दलदल सिवनी नाले का कटाव तेजी बढ़ रहा है। इसके चलते नाले के आसपास की कॉलोनियों व बस्तियों में रहने वाले लोगों को नाले की वजह से हर साल परेशानी होती है। इससे नाले का पानी कॉलोनियों व बस्तियों में भरता है। इसके बाद भी नाले का निर्माण विगत 8 साल से फंड के अभाव में रूका है।



### ठंडे बस्ते में प्रोजेक्ट

सूत्रों ने बताया कि 6 साल पहले डेढ़ किलोमीटर लंबा और 10 फीट चौड़ा नाला बनवाने के लिए निगम ने 3.78 लाख का प्रस्ताव बनाया था। यह प्रोजेक्ट फेल होने के बाद दो साल पहले 800 मीटर लंबा और 10 फीट चौड़ा नाला बनाने के लिए एक करोड़ सात लाख का प्रोजेक्ट बना, लेकिन मंजूरी नहीं मिलने से वह ठंडे बस्ते में चला गया है।



### अभी तक फंड ही नहीं मिला

रीटेलिंग वॉल और कवर्ड नाला बनाने के लिए एक करोड़ से ज्यादा का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। अभी तक मंजूरी नहीं मिलने से आगे कार्रवाई नहीं हुई है। प्रोजेक्ट को लेकर किसी प्रकार का दिशा-निर्देश भी नहीं मिला है।

**- संतोष कुमार पांडेय,** आयुक्त-जोन-9, नगर निगम, रायपुर

### बजट का कर रहे इंतजार

लोग कर रहे नाला बनवाने मांग करीब दो साल पहले जोन के जिम्मेदारों ने अविवा गार्डन के पास बनवाई गई पुलिया से द्वारिका विहार तक कवर्ड नाला बनाने सर्वे के बाद प्रस्ताव दिया है। इसके बाद से जिम्मेदार बजट का इंतजार कर रहे हैं। जबकि हर साल द्वारिका विहार, अविवा गार्डन क्षेत्र, पोल्ट्री फार्म क्षेत्र, दया नगर, ग्रीन गार्डन क्षेत्र में जलभराव की स्थिति बनती है। वार्ड के लोग पार्षद सुशीला धीवर के पास नाला बनवाने फिर मांग लेकर पहुंच रहे हैं। उन्होंने बताया कि नाले का कटाव बढ़ने से कॉलोनी में रहने वाले बदबू से परेशान हैं। समस्या सुलझाने अब कलेक्टर से भी बात करूंगी।

# एमडी-एमएस की मुख्य परीक्षा के बीच छुट्टी नहीं, जूनियर डाक्टरों ने दर्ज कराई आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ▸▸। रायपुर



- छह से नौ जनवरी के बीच लगातार पेपर, तैयारी नहीं हो पाने का हवाला

मेडिकल कालेजों में स्नातकोत्तर विषय के परीक्षा टाइम टेबल पर आपत्ति आने लगी है। मेडिकल कालेजों में पढ़ने वाले जूनियर डाक्टरो ने डीन के पास शिकायत की है कि इस टाइम टेबल के हिसाब से उन्हें पढ़ने का मौका नहीं मिलेगा। आयुष विवि द्वारा छह से नौ जनवरी के बीच लगातार चारों पेपर लेने का टाइम टेबल जारी किया गया है।

पंडित दीनदयाल स्मृति आयुष एवं स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय द्वारा एमडी-एमएस की मुख्य परीक्षा के लिए पिछले दिनों समय-सारिणी घोषित की गई है। टाइम टेबल के अनुसार सभी विभाग के चारों पेपर लगातार छह दिन में आयोजित किया जाएगा। टाइम टेबल आने के बाद चिकित्सा छात्रों में इसे लेकर चिंता का दौर शुरू हो गया है। उनके द्वारा सीजी डाक्टर फेडरेशन एवं जूनियर डाक्टर एसोसिएशन के बैनरतले सभी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों के अधिष्ठाताओं को पत्र भेजकर इसके आपत्ति दर्ज कराई जा रही है। विद्यार्थियों का कहना है कि मुख्य परीक्षा के दौरान प्रत्येक पेपर के बीच विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई सहित अन्य तैयारी करने का वक्त दिया जाना आवश्यक है। अभी जिस तरह की समय-सारिणी जारी की गई है, उसके हिसाब से विद्यार्थियों को समय नहीं मिल पाएगा और वे अपने थ्योरी पेपर की तैयारी नहीं कर पाएंगे। उन्होंने सभी चिकित्सा महाविद्यालयों के डीन से निवेदन किया है कि परीक्षा टाइम टेबल पर आपत्ति की जाए।

### 15 दिसंबर से आवेदन

चिकित्सा स्नातकोत्तर की परीक्षा के लिए महाविद्यालयों में आवेदन जमा करने की तिथि 15 दिसंबर निर्धारित की गई है। चिकित्सा छात्र 12 हजार रुपए शुल्क से साथ बीस दिसंबर तक आवेदन कर पाएंगे। इसके बाद संबंधित कालेज 22 दिसंबर तक विश्वविद्यालय में आवेदन जमा कर सकेंगे। आवेदन करने से चूकने वाले विद्यार्थियों को इसके बाद 25 दिसंबर तक विवि में परीक्षा आवदेन जमा करने का वक्त दिया गया है। इसके लिए उन्हें प्रतिदिन दो सौ रुपए के हिसाब से शुल्क जमा करना होगा। आवेदन की प्रक्रिया ऑफलाइन के माध्यम से पूरी की जाएगी।

# आदिवासी अंचल में 77 हजार घर होंगे बिजली से रोशन

- 8,091 किलोमीटर लंबी लाइन, लगेंगे 2217 ट्रांसफॉर्मर

हरिभूमि न्यूज ▸▸। रायपुर

आदिवासी अंचलों में बिजली से वंचित रह गए घरों में बिजली पहुंचाने के लिए 3 विशेष योजनाओं के माध्यम से 77,292 घरों में बिजली पहुंचाने की कार्ययोजना बनाकर उस पर अमल प्रारंभ किया गया है। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी की इस कार्ययोजना में दो योजनाएं केंद्र सरकार की हैं तथा एक योजना छत्तीसगढ़ शासन की है।



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 426 करोड़ से अधिक लागत की इन योजनाओं का क्रियान्वयन शीघ्रता से करने के निर्देश दिए हैं। वहीं छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के अध्यक्ष रोहित यादव ने तीनों योजनाओं की प्रगति की नियमित तौर पर मॉनिटरिंग की व्यवस्था की है।

प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा-अभियान (पीएम जनमन) के अंतर्गत छत्तीसगढ़ की अति पिछड़ी 7 जनजातियों के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। ग्रिड से विद्युतीकृत गांवों के 7,077 घरों में बिजली पहुंचाने के लिए 37 करोड़ 60 लाख की लागत से कार्य किया जा रहा है। इसके अंतर्गत 1,087 बसाहटों में 363.24 किलोमीटर 11 केवी लाइन, 267 नग 25 केवीए क्षमता के वितरण ट्रांसफॉर्मर तथा 650 किलोमीटर से अधिक निम्नदाब लाइनें बिछाई जा रही हैं। पीएम जनमन के तहत अभी तक 4,500 घरों में बिजली पहुंचाई जा चुकी है।



- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 426 करोड़ से अधिक लागत की इन योजनाओं का क्रियान्वयन शीघ्रता से करने के निर्देश दिए
- पीएम जनमन के तहत अभी तक 4,500 घरों में बिजली पहुंचाई जा चुकी है

### 323 करोड़ की मंजूरी

प्रधानमंत्री जनजाति उन्नत ग्राम अभियान की घोषणा हाल ही में की गई है जिसके अंतर्गत 919 गांवों के 65,711 अविद्युतीकृत घरों में बिजली पहुंचाने के लिए 323 करोड़ 63 लाख की कार्ययोजना को स्वीकृति मिली है। जिसके अंतर्गत 6,863 बसाहटों में 1889.56 किलोमीटर लाइनें, 25 केवीए क्षमता के 1950 वितरण ट्रांसफॉर्मर स्थापित किए जाएंगे तथा 5,188 किलोमीटर से अधिक निम्नदाब लाइनें बिछाई जाएंगी। आदिवासी बहुल गांवों में बिजली पहुंचाने में सबसे बड़ी समस्या वहां के सघन वन क्षेत्र होते हैं। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर सुरक्षाबलों की तैनाती केंद्र तथा राज्य शासन द्वारा की गई है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा नियद नेल्लानार योजना प्रांरभ की गई है। इस योजना के अंतर्गत 24 सुरक्षा कैम्पों के 5 किलोमीटर के दायरे में 96 गांवों में घरों को रोशन करने की कार्ययोजना बनाकर कार्य प्रारंभ किया गया है। एमडी डिस्ट्रीब्यूशन भीमसिंह कंवर द्वारा नियमित तौर पर क्रियान्वयन की समीक्षा की जा रही है।

# आंबेडकर अस्पताल के एनआईसीयू में बनेगा फायर एग्जिट, रास्ता बनाने किचन कॉरिडोर पर विचार

हरिभूमि न्यूज ▸▸। रायपुर

झांसी के मेडिकल कालेज के बच्चा वार्ड में हुई आगजनी की घटना से सीख लेते हुए आंबेडकर अस्पताल के एनआईसीयू में फायर एग्जिट बनाया जाएगा। इसके लिए किचन कॉरिडोर में खुलने वाले वार्ड के पिछले हिस्से का उपयोग किए जाने पर विचार किया जा रहा है। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर ने सोमवार को बाल एवं शिशुरोग विभाग में इस तरह की घटनाओं से निपटने की व्यवस्था का जायजा लिया।

- झांसी मेडिकल कालेज में हुई घटना के बाद सीख, फायर सेफ्टी उपकरणों की जांच

मेडिकल सुपरिटेंडेंट ने पीडियाट्रिक विभागाध्यक्ष को फायर एग्जिट तैयार करने के लिए प्रस्ताव बनाकर देने निर्देश दिए। उन्होंने भूतल स्थित पीडियाट्रिक इंटेंसिव केयर यूनिट का जायजा लिया। वहां की विद्युत व्यवस्था, सेंट्रलाइज एसी सिस्टम एवं फायर सेफ्टी के अंतर्गत स्थापित फायर एक्सटिंग्विशर के बारे में मेंटेनेंस विभाग के कर्मचारियों से जानकारी ली। बताया गया कि न्यू ट्रामा वार्ड में हुई घटना के बाद सभी फायर एक्सटिंग्विशर के रिफिलिंग का कार्य लगभग पूरा हो चुका है। वर्तमान में लगभग 335 फायर एक्सटिंग्विशर अस्पताल के विभिन्न विभागों में स्थापित है। प्रथम तल स्थित वार्ड नं 30 के नियोनेटल केयर यूनिट यानी नर्सरी 2 की फायर सेफ्टी व्यवस्था देखी। अनावश्यक सामानों को वहां से हटाने के निर्देश दिए ताकि वहां आने-जाने के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध हो सके।



इस दौरान अस्पताल में फायर फाइटिंग सिस्टम को मेंटेनेंस करने वाली कंपनी के कर्मचारियों से आपात स्थिति में फायर फाइटिंग सिस्टम के उपयोग की जानकारी ली। दावा किया गया कि फायर सेफ्टी के मेंटेनेंस के अंतर्गत स्मोक डिटेक्टर, स्प्रिंकलर और फायर अलार्म को चेक किया जा रहा है। अधीक्षक ने पीडब्ल्यूडी के ईएमडी विभाग को विद्युत आपूर्ति के सभी उपकरणों को चेक करने के लिए कहा ताकि शॉर्ट सर्किट जैसी स्थितियां उत्पन्न न हों।

### पूरा नहीं हुआ ट्रामा ओटी का काम

पिछले दिनों आंबेडकर अस्पताल के तीसरी मंजिल में स्थिति न्यू ट्रामा की एसी के कंप्रेसर में विस्फोट के बाद धुआं भर गया था। घटना के दौरान ओटी में मौजूद डाक्टरों और चिकित्सकीय स्टाफ ने जोखिम उठाकर वहां मौजूद मरीज की जान बचाई थी। घटना के बाद ओटी खराब हो गया था, वहीं आवश्यकता के अनुसार उसमें परिवर्तन किया जाना था। घटना के 12 दिन बाद भी ऑपरेशन थियेटर का काम पूरा नहीं हो पाया है। यहां होने वाली सर्जरी दूसरे विभाग के वार्डों में पूरी की जा रही है।

### नहीं हो पाया मॉकड्रिल

घटना के बाद आंबेडकर अस्पताल के फायर सेफ्टी का रखरखाव करने वाले और अन्य कर्मचारियों को आपात स्थिति से निपटने के लिए बारीकी समझाने एसडीआरएफ के साथ मॉकड्रिल की योजना बनाई गई थी। अस्पताल प्रबंधन ने इस संबंध में स्वंय सुझाव दिया था। समय बीतने के बाद इस सुझाव पर अमल नहीं किया गया। अस्पताल का स्टाफ अपनी पुरानी टेक्निक के जरिए ऐसी घटनाओं में राहत देने के लिए अभी भी तैयार है।

## राजधानी में चल रहे निर्माण कार्यों में तेजी लाने कहा

# बृजमोहन ने यातायात सुधारने अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▸▸। रायपुर

राजधानी रायपुर में यातायात को सुगम बनाने और सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से सोमवार को सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने नगर निगम, पीडब्ल्यूडी और एनएचएआई के अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। बैठक में रायपुर में प्रस्तावित और चल रही कई बड़ी परियोजनाओं पर चर्चा की गई।

श्री अग्रवाल ने 600 करोड़ रुपये की लागत से सरोना चौक, उद्योग भवन चौक, तेलीबांधा चौक और 400 करोड़ रुपये की लागत से धनेली जंक्शन पर प्रस्तावित फ्लाईओवर पर प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को उचित दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने राजधानी रायपुर के बढ़ते ट्रैफिक दबाव को ध्यान में रखते हुए यातायात समस्या के समाधान के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार करने पर जोर दिया। बैठक में 3,500 करोड़ रुपये की लागत से 186 किलोमीटर लंबे रायपुर-बलौदाबाजार-सारंगढ़ हाईवे और 5,600 करोड़ रुपये की लागत से 228 किलोमीटर लंबे धमतरी-जगदलपुर हाईवे को चौड़ा कर चार लेन का बनाने की कार्ययोजना की जानकारी भी ली गई।



श्री अग्रवाल ने कहा, राजधानी में ट्रैफिक का बढ़ता दबाव और रिंग रोड नंबर 5 पर सड़क दुर्घटनाएं गंभीर चिंता का विषय है। इन समस्याओं के समाधान के लिए रिंग रोड के किनारे 11 मीटर चौड़ी सर्विस लेन निर्माण और तेलीबांधा से तातीबंध तक एलिवेटेड रोड बनाने की कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही सरोना और इंद्रप्रस्थ के बीच रिंग रोड पर अंडरपास निर्माण पर भी विचार किया गया है।

इसके साथ ही पीडब्ल्यूडी द्वारा निर्मित एक्सप्रेस वे को एनएचएआई को सौंपने के लिए सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को पत्र भी लिखा है। बैठक में नगर निगम कमिश्नर अविनाश मिश्रा, पीडब्ल्यूडी अधिशासी अभियंता गोविंद अहिरवार, एनएचएआई क्षेत्रीय अधिकारी दिग्विजय सिंह, प्रबंधक तकनीकी प्रवीण विजयवार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# मल्टीलेवल पार्किंग में लावारिस गाड़ियां इसलिए सड़कों पर पार्क कर रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ▸▸। रायपुर

कलेक्टोरेट भवन के पास करोड़ों रुपए खर्च करके 6 लेयर की मल्टीलेवल पार्किंग बनाई गई है। इसके बाद भी इस पार्किंग की जगह वाहन चालकों द्वारा अपनी गाड़ियां कलेक्टोरेट और जिला पंचायत भवन के सामने सड़क पर पार्क की जा रही हैं, जिसके कारण हर रोज इस मार्ग से आवागमन करने वाले वाहन सवार लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़कों पर पार्किंग करने वालों में कई लोग जहां मल्टीलेवल में गाड़ी पार्क करना नहीं चाहते, तो कई लोग ऐसे भी हैं, जिन्हें पार्किंग में जगह की कमी के कारण सड़क पर गाड़ी खड़ी करने मजबूर होना पड़ रहा है।



### सड़क मोड़ पर गाड़ी पार्क से दुर्घटना की संभावना

मल्टीलेवल पार्किंग के सामने मोड़ है। इसके बाद भी यहां सड़क पर चार पहिया गाड़ियां पार्क की जा रही हैं। मोड़ पर सड़क पर गाड़ी पार्क होने से यहां से गुजरने वाली गाड़ियों के दुर्घटना होने की भी दिनभर आशंका बनी रहती है।

### कार्रवाई करेंगे

कलेक्टोरेट के पास गाड़ी पार्क करने के लिए मल्टीलेवल पार्किंग बनी है। इसके बाद भी अगर सड़क पर गाड़ी पार्क की जा रही है तो कार्रवाई की जाएगी।

**- गुरजीत सिंह,** डीएसपी ट्रैफिक रायपुर

## खबर संक्षेप



### आईआईटी-जेईई, नीट और पीएससी परीक्षाओं के लिए मिलेगी निःशुल्क कोचिंग

**रायपुर।** पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने पंडरिया विधासनभा के अंतर्गत प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले प्रतिभावान युवाओं के लिए पंडरिया ब्लॉक में पहला निशुल्क कोचिंग सेंटर 1 जनवरी से शुरू करने की घोषणा की है। बताया गया कि कोचिंग सेंटर के लिए पंडरिया शहर में स्थान का चयन भी कर लिया गया है। कोचिंग सेंटर में अनुभवी शिक्षकों द्वारा संयुक्त प्रवेश परीक्षा (आईआईटी-जेईई), राष्ट्रीय पात्रता व प्रवेश परीक्षा (नीट), छत्तीसगढ़ राज्य लोक सेवा आयोग जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी की निःशुल्क सुविधा उपलब्ध होगी। विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन के अवसर पर पंडरिया विधायक ने कहा, यह सभी निर्माण कार्य पंडरिया नगर के विकास एवं जनता की सुविधाओं का विस्तार करने में बहुमूल्य भूमिका निभाएंगे।

### अब तक 46 हजार से अधिक किसानों ने बेचा धान

**रायपुर।** प्रदेश में धान खरीदी के दूसरे दिन तक लगभग 2.6 लाख मीटरिक टन धान की खरीदी हो चुकी है। राज्य के 46967 किसान धान बेच चुके हैं। धान खरीदी का यह महाअभियान 31 जनवरी 2025 तक चलेगा। प्रदेश के विभिन्न जिलों में आज लगभग 1 लाख 12 हजार मीटरिक टन धान की खरीदी हुई है। आज 24582 किसानों ने धान बेचा है। राज्य सरकार द्वारा इस वर्ष 2739 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से 160 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी अनुमानित है। आज के लिए 23 हजार से अधिक टोकन जारी खाद्य विभाग के अधिकारियों ने आज यहां बताया कि इस खरीफ वर्ष के लिए 27.68 लाख किसानों द्वारा पंजीयन कराया गया है। इसमें 1.42 लाख नए किसान शामिल हैं। सोमवार को 27111 टोकन जारी किए गए थे। मंगलवार के लिए 23791 टोकन जारी किए गए है।

### पांच सलाहकार बोर्ड का गठन

**रायपुर।** राज्य सरकार द्वारा पांच सलाहकार बोर्ड का गठन किया गया है। इन बोर्ड में न्यायमूर्ति नरेंद्र कुमार व्यास, सेवानिवृत्त न्यायाधीश नवल किशोर अग्रवाल और विमला सिंह कपूर को शामिल किया गया है। इन बोर्ड में विशेष जनसुरक्षा अधिनियम सलाहकार बोर्ड, चोर बाजारी निवारण और आवश्यक वस्तु अधिनियम, स्वापक औषधीय और मनः प्रभावी पदार्थ अवैध व्यापार निवारण अधिनियम और राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम सलाहकार बोर्ड, विदेशी मुद्रा संरक्षण और तस्करी निवारण अधिनियम सलाहकार बोर्ड शामिल है।

### सिमगा नगर पालिका गठन की अधिसूचना

**रायपुर।** राज्य शासन द्वारा बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के सिमगा नगर पंचायत को नगर पालिका गठित करने के संबंध में अधिसूचना जारी की गई है। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ राजपत्र में इस संबंध में अधिसूचना का प्रकाशन कर दिया गया है। राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना के अनुसार नगर पंचायत सिमगा की सीमाएं ही नगर पालिका परिषद सिमगा की सीमाएं होंगी।

# भाजपा की सदस्यता परीक्षा : अंबिकापुर विस के एक लाख से ज्यादा सदस्य, कोंटा के मात्र 12 हजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भाजपा का सदस्यता अभियान अंतिम चरण पर है। अब तक 54 लाख से ज्यादा सदस्य बन गए हैं। प्रदेश की 90 विधानसभाओं में विधायक राजेश अग्रवाल और सदस्यता अभियान समिति के संयोजक अनुराग सिंहदेव की अंबिकापुर विधानसभा सबसे ज्यादा एक लाख से ज्यादा सदस्य बनाकर पहले स्थान पर है।

राजधानी रायपुर की चार विधानसभाओं में विधायक राजेश मूणत की विधानसभा रायपुर पश्चिम टॉप टेन में शामिल है। दो मंत्रियों ओपी चौधरी और लखनलाल देवांगन की विधानसभाएं भी टॉप टेन में शामिल हैं। सबसे कम सदस्य बनाने के मामले में कोंटा विधानसभा अंतिम स्थान पर है। उसके खाते में 12436 सदस्य हैं। यहां पर भाजपा का विधायक नहीं है।

भाजपा के सदस्यता अभियान में विधानसभा वार तो लक्ष्य तय नहीं किया गया है, लेकिन हर बूथ में दो सौ सदस्य बनाने का लक्ष्य जरूर तय है, इसी के साथ जिलों का भी लक्ष्य तय है। विधायकों के साथ सांसदों का भी लक्ष्य तय किया गया है। सांसदों में तीन ही सांसद जहां 20 हजार सदस्य के लक्ष्य के पार गए हैं, वहीं विधायकों में 11 विधायक दस हजार के लक्ष्य तक नहीं पहुंचे हैं। इसको लेकर राष्ट्रीय संगठन खफा भी है। 22 नवंबर को दिल्ली में होने वाली बैठक में सबकी कुंडली रखी जाएगी।

## राजधानी की पश्चिम विधानसभा टॉप टेन में दसवें नंबर पर

### फिसड्डी विस के विधायक भी फिसड्डी

जो दस विधानसभाएं फिसड्डी साबित हुई हैं, उसमें जहां आधा दर्जन में भाजपा के विधायक नहीं हैं। वहीं जिन चार विधानसभाओं में भाजपा के विधायक हैं, वो भी सबसे कम सदस्य बनने वालों की सूची में हैं। इसमें दंतेवाड़ा के चैतराम अटामी के खाते में महज 832 सदस्य हैं, वहीं अंतागढ़ के विक्रम उसेंडी ने 1034, चित्रकोट के विनायक गोयल ने 4926 और लुंड्रा के विधायक प्रबोध मिंज ने 7488 सदस्य बनाए हैं।

### ये हैं टॉप टेन विधानसभाएं

| | |
|---|---|
| अंबिकापुर | 114118 |
| बिलासपुर | 88236 |
| कुरुद | 75261 |
| वैशाली नगर | 66475 |
| बिल्हा | 66358 |
| पंडरिया | 66229 |
| कोरबा | 65100 |
| दुर्ग शहर | 64862 |
| रायगढ़ | 64588 |
| रायपुर पश्चिम | 61378 |



### दस फिसड्डी विधानसभा

| | |
|---|---|
| कोंटा | 12436 |
| मोहला मानपुर | 14656 |
| बीजापुर | 15349 |
| खुज्जी | 18219 |
| दंतेवाड़ा | 19005 |
| पाली तानाखार | 21677 |
| चित्रकोट | 22600 |
| अंतागढ़ | 23403 |
| लुंड्रा | 24614 |
| रामपुर | 24873 |

### टॉप टेन विधानसभाओं के चार विधायक भी टॉप पर

टॉप टेन विधानसभाओं में एक विधायक राजेश मूणत को छोड़कर जहां सभी ने दस हजार का लक्ष्य प्राप्त किया है, वहीं वैशाली नगर के विधायक रिकेश सेन विधायकों में सबसे ज्यादा सदस्य बनाने में पहले नंबर पर है। इसी के साथ पंडरिया की विधायक भावना बोहरा ने 20 हजार से ज्यादा कोरबा के विधायक और प्रदेश के उद्योग मंत्री लखन देवांगन के खाते में 14 हजार से ज्यादा सदस्य हैं। कुरुद के विधायक अजय चंद्राकर ने भी 13 हजार से ज्यादा सदस्य बनाए हैं।

## मतगणना 23 को : 14 टेबल पर 19 राउंड में होगी गिनती

# ईवीएम की सुरक्षा तीन लेयर में 20 से ज्यादा पुलिस जवान तैनात

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी रायपुर के सेजबहार स्थित शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय भवन में ईवीएम मशीनों को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच रखा गया है। इसके लिए स्ट्रांग रूम में 3 लेयर में 20 से ज्यादा पुलिस जवानों को तैनात किया गया है। इनमें सीआरपीएफ के जवानों के साथ स्थानीय पुलिस भी शामिल है। इसके अलावा स्ट्रांग रूम के अंदर और बाहर में करीब 56 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जिनके माध्यम से स्ट्रांग रूम की निगरानी की जा रही है। इधर 23 नवंबर को होने वाली मतगणना के लिए भी प्रशासन द्वारा की जा रही तैयारी भी लगभग अंतिम चरण पर है। मतगणना के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी लगा दी गई है। गणना के लिए 14 टेबल लगाए जाएंगे, जिनमें करीब 19 राउंड में गिनती होगी। डाकमत पत्रों की गिनती के लिए अलग से दो टेबल लगाए जाएंगे।



### डाकमत पत्रों से होगी गणना की शुरुआत

मतगणना की शुरुआत सुबह 8 बजे डाकमत पत्रों की गणना से होगी। इसके लिए मतगणना स्थल पर दो टेबल लगाए जाएंगे। डाकमत पत्रों की गणना के बाद इसके परिणाम की घोषणा की जाएगी। इसके आधे घंटे के बाद ईवीएम मशीनों की गणना शुरू होगी। जिला निर्वाचन कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार ईवीएम मशीनों की गणना के लिए 14 टेबल लगाए जाएंगे। प्रत्येक टेबल पर गणना पर्यवेक्षक, सहायक पर्यवेक्षक एवं एक माइक्रो आब्जर्वर तैनात रहेंगे। इस तरह प्रत्येक टेबल पर गणना के लिए 3 और 14 टेबल पर 42 कर्मचारी मौजूद रहेंगे। इसके अलावा ईवीएम मशीन टेबल तक लाने व ले जाने के लिए अलग से कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

### बूथ व ईवीएम के सीरियल नंबरों से होगी गिनती

वोटों की गिनती बूथ और ईवीएम मशीनों के सीरियल नंबरों के अनुसार होगी। दक्षिण विधानसभा के लिए 266 मतदान केंद्रों में वोटिंग हुई है। वोटिंग के बाद सभी ईवीएम मशीनों को बूथ और सीरियल नंबरों के अनुसार स्ट्रांग रूम में रखा गया है। मतगणना के दिन वोटों की गिनती भी बूथ और ईवीएम मशीनों की सीरियल नंबरों के अनुसार की जाएगी।

### मोबाइल-शस्त्र, पान-गुटखा बैन, वीआईपी की एंट्री भी नहीं

मतगणना हॉल में मोबाइल के अलावा आईपैड, लैपटॉप, स्मार्ट वॉच, कैमरा, अन्य इलेक्ट्रानिक उपकरण, बीड़ी-सिगरेट व गुटखा ले जाने पर भी बैन लगाया गया है। इसके अलावा मतगणना केंद्र में मंत्री, सांसद, विधायक भी प्रवेश नहीं कर पाएंगे।

### सीसीटीवी के माध्यम से लाइव कवरेज देख पाएंगे लोग

मतगणना का लाइव कवरेज देखने के लिए मतगणना हॉल के बाहर परिसर में सीसीटीवी-एलईडी की व्यवस्था रहेगी। इसके लिए 6 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

### मतगणना की तैयारी हो चुकी

मतगणना के लिए लगभग तैयारी हो चुकी है। गणना के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई दी गई है। पहले डाकमत पत्रों की गिनती होगी। इसके बाद ईवीएम मशीनों की गिनती होगी।

- उमाशंकर बंदे,
जिला उप निर्वाचन अधिकारी

# नक्सल क्षेत्र में सुरक्षा कैंप बनाने का विरोध करने वाला संगठन प्रतिबंधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों खासकर बस्तर में सरकार द्वारा लगातार बनाए जा रहे सुरक्षा कैंपों का विरोध करने वालों पर अब शिकंजा कसना शुरू हो गया है। बस्तर क्षेत्र के आदिवासियों को सुरक्षा कैंपों के खिलाफ भड़काकर विरोध करने वाले एक संगठन मूलवासी बचाओ मंच संगठन पर सरकार ने एक साल का प्रतिबंध लगाया है। इस संबंध में गृह विभाग ने आदेश जारी किया है।

नक्सल प्रभावित छत्तीसगढ़ के बस्तर में राज्य शासन द्वारा नागरिकों की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के इरादे से लगातार सुरक्षा कैंपों का निर्माण किया जा रहा है। राज्य सरकार ने प्रभावित इलाकों में 29 नए कैंप बनाने की ओर कदम बढ़ाया है। दूसरी ओर नक्सलियों के समर्थन में नागरिकों की आड़ में सुरक्षा कैंपों का लगातार विरोध कर रहे हैं। बस्तर के कई क्षेत्रों में पिछले साल-दो साल के बीच लंबे समय तक आंदोलन भी करवाए गए हैं। पुलिस और सरकार का मानना है कि इस विरोध प्रदर्शन के पीछे नक्सलियों का हाथ है, लेकिन वे सामने नहीं आते। उनके मुखौटे के रूप में अलग-अलग नामों से चलाए जा रहे संगठन विरोध को हवा देने का काम कर रहे हैं। इस सिलसिले में सरकार ने अब एक ऐसे ही संगठन मूलवाली बचाओ मंच संगठन को निशाने पर लिया है।

### लगाया एक साल का प्रतिबंध

इस संबंध में राज्य सरकार के गृह विभाग ने एक अधिसूचना जारी की है। अधिसूचना में कहा गया है कि , राज्य सरकार को सूचनाएं प्राप्त है कि मूलवासी बचाओ मंच संगठन केन्द्र एवं राज्य सरकारों द्वारा माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में चलाये जा रहे विकास कार्यों तथा इन विकास कार्यों के संचालन हेतु निर्माण किये जा रहे सुरक्षा बल के कैंपों का लगातार विरोध करने तथा आम जनता को उसके विरुद्ध उकसाने का कार्य किया जा रहा है। साथ ही न्याय प्रशासन में हस्तक्षेप करते हुए एवं विधि द्वारा स्थापित सस्थाओं की अवज्ञा को बढ़ावा देते हुए तथा उनके द्वारा लोक व्यवस्था, शांति में बाधा एवं नागरिकों की सुरक्षा में खतरा उत्पन्न किया जा रहा है, जो कि राज्य की सुरक्षा के प्रतिकूल है। इसलिए मूलवासी बचाओ मंच के संबंध में, राज्य सरकार का समाधान हो गया है कि ऐसे संगठन को विधि विरूद्ध संगठन घोषित करना आवश्यक है।

# भाजपा का संगठन चुनाव आज से, पहले बनेंगी बूथ कमेटियां

पहले दो दिन मंडलों में होगी कार्यशाला





हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश भाजपा में संगठन चुनाव की तैयारी प्रारंभ हो गई है। इसके लिए सभी जिलों में चुनाव अधिकारियों के बाद अब मंडलों में भी चुनाव अधिकारी नियुक्त कर दिए गए हैं। ये चुनाव अधिकारी ही पहले बूथ, फिर शक्ति केंद्र और फिर मंडलों में चुनाव कराएंगे। सबसे पहले बूथ कमेटियों का चुनाव होगा। इसकी प्रक्रिया 20 नवंबर से प्रारंभ होगी। पहले दो दिनों तक मंडलों में कार्यशाला होगी, इसमें बूथ और शक्ति केंद्रों के अध्यक्षों और पदाधिकारियों को बुलाकर चुनाव की प्रक्रिया के बारे में बताया जाएगा। इसके बाद 22 नवंबर से बूथों में कमेटियां बनाने का काम प्रारंभ होगा, लेकिन इस चुनाव के लिए यह जरूरी है कि बूथ में कम से कम भाजपा के 50 सदस्य होने चाहिए। जिन बूथों में 50 से कम सदस्य होंगे, वहां पर बूथ कमेटियों का चुनाव नहीं हो सकेगा।

भाजपा का राष्ट्रीय स्तर के साथ प्रदेश में भी इस समय सदस्यता अभियान चल रहा है। इस अभियान को 15 नवंबर को समाप्त था, लेकिन अभी यह अभियान चल रहा है। इसी के साथ अब 20 नवंबर से संगठन चुनाव की प्रक्रिया भी प्रारंभ कर रहे हैं। इसको लेकर राष्ट्रीय संगठन ने जहां राष्ट्रीय स्तर पर चुनाव अधिकारी तय कर दिया है, वहीं सभी राज्यों राज्य स्तर के साथ जिला स्तर और मंडलों में भी चुनाव अधिकारी बना दिए गए हैं।

### बूथ कमेटियों में होंगे 25 सदस्य

भाजपा के प्रदेश संगठन के लिए सबसे पहले बूथ स्तर पर चुनाव होगा। प्रदेश में करीब 25 हजार बूथ हैं। भाजपा ने सदस्यता अभियान में हर बूथ में 200 सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा है। लेकिन दिल्ली में जो सदस्यता अभियान की समीक्षा बैठक हुई उसमें यह बात सामने आई है कि प्रदेश में सैकड़ों बूथ ऐसे हैं जहां पर 50 से भी कम सदस्य बने हैं। ऐसे बूथों में बूथ कमेटियों का चुनाव ही नहीं हो सकेंगे। भाजपा के पदाधिकारियों का कहना है कि प्रदेश में कई बूथ ऐसे हैं जहां पर मतदाताओं की संख्या बहुत कम है। ऐसे बूथों को छोड़कर ज्यादा संख्या वाले बूथों में हर हाल में सदस्यता अभियान समाप्त होने से पहले 50 सदस्य बनाने के लिए कहा गया है। कई बूथों में 50 से ज्यादा सदस्य बन भी गए हैं। लेकिन जहां पर सदस्यता अभियान के बाद भी 50 सदस्य नहीं बन पाएंगे उन बूथों में चुनाव नहीं होगा। बूथों में चुनाव के लिए 20 से 30 नवंबर की समय सीमा तय की गई है। हर बूथ कमेटी में 25 सदस्य होंगे। इसके बाद मंडल और फिर जिलों में चुनाव होंगे। अंत में प्रदेशाध्यक्ष का फैसला होगा। सभी राज्यों में प्रदेश संगठन के चुनाव के बाद अगले साल जनवरी में राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव होगा।

### सिंधी साहित्यकार शिव ग्वालानी का सम्मान

**रायपुर।** श्री झूलेलाल धाम में रविवार को छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत की कार्यकारिणी की बैठक हुई, जिसमें साहित्यकार शिव ग्वालानी का सिंधी-हिंदू विभाजन की त्रासदी पर लिखे उनके उपन्यास के लिए सम्मान किया गया। इसी दौरान लेखक श्री ग्वालानी ने कहा कि सिंधी बच्चों को विभाजन की विभीषिका से अवगत कराना बहुत जरूरी है।

**निगम कर्मियों ने गठित की कार्यकारी समिति : रायपुर।** नगर निगम के अधिकारियों-कर्मचारियों ने मिलकर कार्यकारी समिति का गठन किया है, जिसका अध्यक्ष प्रमोद जाधव को बनाया गया है। यह समिति अधिकारियों एवं कर्मचारियों की मांगों और समस्याओं का निराकरण कराने तथा हित में काम करेगी। नवगठित समिति जल्द ही अपनी मांगों एवं समस्याओं को लेकर नगर निगम कमिश्नर, महापौर एवं नेता प्रतिपक्ष से मिलकर उन्हें ज्ञापन सौंपेगी।









# कोरबा में कारोबारी, इंटक नेता के घर सीबीआई का छापा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

कोरबा स्थित एसईसीएल के खदान क्षेत्र में अपात्र लोगों को मुआवजा दिलवाने के आरोप में सीबीआई ने सोमवार को इंटक के श्रमिक नेता तथा एक कारोबारी के घर तथा ऑफिस में छापे की कार्रवाई की है। छापे की कार्रवाई तड़के छह बजे शुरू करने की बात सामने आई है।

सीबीआई ने हरदी बाजार निवासी श्रमिक नेता श्यामू (खुशाल) जायसवाल तथा दीपका निवासी राजेश जायसवाल के कटघोरा स्थित मकान में छापे की कार्रवाई की है। छापे की कार्रवाई करने पहुंची टीम द्वारा दस्तावेजों के साथ संबंधित लोगों से लंबी पूछताछ करने की जानकारी सूत्रों ने दी है। सीबीआई की टीम कड़ी सुरक्षा के बीच दोनों जगहों पर छापे की कार्रवाई करने पहुंची।

### अपात्र लोगों को मुआवजा दिलवाने का आरोप

श्रमिक नेता तथा कारोबारी द्वारा साठ-गांठ कर एसईसीएल के खदान क्षेत्र में प्रभावितों की जगह अपने लोगों को बड़े पैमाने पर मुआवजा दिलवाने का आरोप है। इसके साथ ही पात्र लोगों को मुआवजा से वंचित करने के साथ कम मुआवजा दिलवाने का आरोप है। प्रभावित लोगों की शिकायत के बाद मामले की जांच सीबीआई कर रही है। इसी वजह से सीबीआई की टीम श्रमिक नेता तथा कारोबारी के यहां छापे की कार्रवाई करने पहुंची। मुआवजा वितरण मामले में सीबीआई आने वाले दिनों में एसईसीएल से जुड़े अफसर तथा गलत तरीके से मुआवजा लेने वालों पर शिकंजा कसने के साथ उनसे पूछताछ कर सकती है।





















विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

खबर संक्षेप

## मुआवजे दिलाने की मांग कलेक्टर के नाम ज्ञापन

**रायपुर।** पीड़ित किसानों को मुआवजा दिलाने की मांग को लेकर जिला कांग्रेस अध्यक्ष उधोराम वर्मा ने सोमवार को फिर से चरोदा के किसानों के साथ धरसींवा पहुंचकर कलेक्टर के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। साथ ही पीड़ित किसानों ने अपनी आपबीती बताकर सिंचाई विभाग की घोर लापरवाही के संबंध में जानकारी दी। किसानों को तहसीलदार धरसींवा ने आश्वस्त किया कि जल्द से जल्द निरीक्षण कराकर फसल की क्षतिपूर्ति की राशि देने की बात कही। इस मौके पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्री वर्मा ने बताया कि चरोदा के किसानों के साथ प्रभावित किसानों के खेत में पहुंचकर किसानों से जानकारी ली।

## नियमों को ताक पर रखकर एयरपोर्ट पर खुली शराब दुकान

**रायपुर।** शराबबंदी करने का वादा करने वाली भाजपा सरकार स्वामी विवेकानंद परिसर को भी नहीं छोड़ रही है। सालभर में कोई काम नहीं किया, जगह-जगह शराब दुकान खोलने में कोई कमी नहीं कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ संयुक्त किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अनिल दुबे, ब्राह्मण समाज के हिमांशु तिवारी, किसान मोर्चा के दाऊ जीपी चंद्राकर, दीनदयाल वर्मा, जागेश्वर प्रसाद, वेगेंद्र सोनबेर, लालाराम वर्मा, चेतन देवांगन, महेंद्र कौशिक, छन्नू साहू, जगदंबिका साहू, हेमसागर पटेल, डेविड चंद्राकर, नाथूराम सिन्हा ने कहा है कि स्वामी विवेकानंदजी के नाम से रायपुर का एयरपोर्ट है। वहां मुख्यमंत्री ने निजी लाभ के लिए सभी नियमों को ताक पर रखकर परिसर में शराब बिक्री केंद्र खुलवाया है। वहां भी शराब रेस्टोरेंट खोलने का लाइसेंस दिया जाए, एयरपोर्ट से अधिक लाभ होगा। यह सरकार अपनी ही कब्र खोद रही है।

## स्वास्थ्य शिविर में 200 ने कराई जांच

**रायपुर।** इंद्रप्रस्थ कॉलोनी फेस-2 में ओजस मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल द्वारा रविवार को रक्तदान एवं निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 200 लाभार्थियों ने निशुल्क स्वास्थ्य परामर्श का लाभ उठाया एवं 15 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान भी किया। इसके लिए गुड होप ब्लड सेंटर के डॉ. धनंजय प्रसाद, हरीश और टीम ने आवश्यक सहयोग प्रदान किया। इस कार्यक्रम में सहयोगी संस्थान एएसजी आई हॉस्पिटल से पूरी टीम जिसमें दिव्या, दीपेश, शोभाराम, ज्ञानचंद ने लाभार्थियों का नेत्र परीक्षण कर आवश्यक परामर्श दिया।

अभ्यास : जिला चिकित्सालय में हुआ मॉक ड्रिल, बचाव कार्यों की रणनीतियों का किया प्रभावी प्रदर्शन

# एनडीआरएफ टीम ने भूकंप व आग जैसी आपदा में भवन में फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला चिकित्सालय भवन में राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) की एक व्यापक मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस अभ्यास का उद्देश्य चिकित्सालय के मरीजों, चिकित्सकों और स्टाफ को विभिन्न आपदाओं जैसे भूकंप, बाढ़, आगजनी और अन्य प्राकृतिक या मानव-निर्मित आपदाओं के दौरान सुरक्षित रखने की रणनीतियों को विकसित करना था। मॉक ड्रिल के दौरान, एनडीआरएफ के प्रशिक्षित अधिकारियों ने आपदा प्रबंधन के महत्व और त्वरित प्रतिक्रिया की आवश्यकता पर जोर दिया।

इस दौरान कलेक्टर रणवीर शर्मा ने कहा कि आपदाओं के समय सही निर्णय लेना और प्राथमिकता के आधार पर कार्य करना जीवन बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस ड्रिल में अस्पताल भवन में फंसे लोगों को निकालने, घायलों को प्राथमिक चिकित्सा उपलब्ध कराने, और आग जैसी आपदाओं के दौरान बचाव कार्यों की रणनीतियों को प्रभावी ढंग से प्रदर्शित किया गया। भूकंप जैसी आपदा की स्थिति में भवन के अंदर फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए बचाव टीम ने आधुनिक उपकरणों का उपयोग करते हुए रेस्क्यू ऑपरेशन का प्रदर्शन किया। वहीं, आग लगने की स्थिति में अग्निशमन दल के साथ समन्वय स्थापित करते हुए आपातकालीन निकासी प्रक्रिया को भी समझाया गया। बाढ़ जैसी परिस्थिति में बचाव नौकाओं और लाइफ जैकेट्स का उपयोग करके प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थान पर ले जाने की प्रक्रिया को भी दर्शाया गया।

### आपदा के समय बचाव के तरीके बताए गए

इस अभ्यास ने नागरिकों के बचाव, इमारतों की तलाशी, और आग पर नियंत्रण पाने की रणनीतियों पर जोर दिया। स्थानीय अग्निशमन विभाग, पुलिस और एम्बुलेंस सेवाओं ने भी इसमें भाग लिया, जिससे सभी एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय और सहयोग की क्षमता का परीक्षण हो सका। इस अवसर पर मॉक ड्रिल के दौरान आपदा प्रबंधन को लेकर एनडीआरएफ की टीम ने माक ड्रिल कर स्कूली बच्चों को प्राकृतिक आपदा के समय बचाव करने का तरीका बताया।







### आपदा में प्रभावी प्रतिक्रिया के लिए लोगों को तैयार करती है ऐसी तैयारी

इस अवसर पर डिप्टी कमांडेड कन्हैया योगी एनडीआरफ बटालियन ने कहा कि ऐसी मॉक ड्रिल्स लोगों को न केवल जागरूक बनाती हैं, बल्कि आपदाओं के समय त्वरित और प्रभावी प्रतिक्रिया देने के लिए मानसिक रूप से तैयार भी करती हैं। जिला प्रशासन ने मॉक ड्रिल को सफल बनाने के लिए एनडीआरएफ टीम और चिकित्सालय स्टाफ का आभार व्यक्त किया। यह मॉक ड्रिल भविष्य में आपदाओं से निपटने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखी जा रही है। जिला चिकित्सालय के इमरजेंसी वार्ड का भी निरीक्षण किया। पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू, रमयोपन रूंगासंग तीसरी वाहिनी आरसीसी भिलाई, सब इंस्पेक्टर टीम कमांडर और संदीप सिंह सब इंस्पेक्टर सेफ्टी ऑफिसर सहित अपर कलेक्टर भारद्वाज एसडीएम, एनडीआरएफ और सिविल डिफेंस के कैडेट व नगर सेना की टीम सहित जिला अधिकारी उपस्थित थे।

### मॉकड्रिल के लिए तैयार किया गया काल्पनिक दृश्य

राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल एनडीआरएफ की टीम ने आज एक डेमोंसट्रेशन के माध्यम से आग और भूकंप के बचाव या किसी भी आपातकालीन स्थिति से कैसे निपटा जाए इसको लेकर एनडीआरएफ और फायर फाइटर की टीम ने मॉक ड्रिल कर रेस्क्यू का जिला अस्पताल परिसर में प्रदर्शन किया। मॉक ड्रिल में आग लगने की स्थिति का एक काल्पनिक दृश्य तैयार किया गया, जिसके तहत इमारत में फंसे नागरिकों को सुरक्षित निकालने के तरीके प्रदर्शित किए गए। जवानों ने विशेष उपकरणों और तकनीकों का उपयोग करके धुएं और आग से घिरी इमारतों से लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने का अभ्यास किया। इसके साथ ही, आपातकालीन चिकित्सा सहायता भी प्रदान की गई, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि घायलों को तुरंत चिकित्सा सेवाएं मिल सकें।

37 छत्तीसगढ़ बटालियन एनसीसी के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल मकसूद अली ख़ान ने किया सम्मानित

## व्याख्याता धर्मपाल को प्रदान की गई एनसीसी थर्ड ऑफिसर की रैंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थानखम्हरिया

37 छत्तीसगढ़ बटालियन एनसीसी, दुर्ग के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल मकसूद अली ख़ान ने एक विशेष समारोह में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ठेलका के व्याख्याता धर्मपाल वर्मा को एनसीसी थर्ड ऑफिसर की रैंक प्रदान की। यह सम्मान एनसीसी की तृतीय पंक्ति के रूप में उनकी भूमिका और भविष्य की ज़िम्मेदारियों को समझाने के लिए दिया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कर्नल अली ख़ान ने कहा कि एनसीसी सेना की तृतीय पंक्ति है, और एएनओ (एसोसिएटेड एनसीसी ऑफिसर) इस संगठन को आगे बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण कड़ी है। इस रैंक का उद्देश्य उनकी ज़िम्मेदारी का अहसास कराना और एनसीसी की गतिविधियों में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है। इस अवसर पर 37 बटालियन के सूबेदार मेजर भूपति थापा, सूबेदार अमरिक सिंह, हवलदार रविराज, हवलदार रोबिन, हवलदार मंगल, हवलदार आप्पा सहित बटालियन का पूरा स्टाफ उपस्थित था। सभी ने धर्मपाल वर्मा को उनकी नई जिम्मेदारी के लिए बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यालय के प्राचार्य टीएल साहू सहित समस्त स्टाफ एवं अनिल सिंघानिया, धनीराम वर्मा, सुनील शर्मा, गोविंद साहू, गणेश साहू, वेदप्रकाश सहित अन्य गणमान्य नागरिकों ने धर्मपाल वर्मा को एनसीसी थर्ड ऑफिसर रैंक प्राप्त करने पर हार्दिक बधाई दी।



## निर्विरोध चुने गए प्रबंध समिति के 10 सदस्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी की साधारण सभा की बैठक में हुआ चयन

भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा की कलेक्टर रणबीर शर्मा की अध्यक्षता में जिला पंचायत के सभागार में प्रबंध समिति के सदस्यों के निर्वाचन पर साधारण सभा का बैठक हुई। निर्वाचन अधिकारी डॉ अनिल कुमार बाजपाई ने उपस्थित आजीवन सदस्यों, संरक्षक, एवं उपसंरक्षक सदस्यों द्वारा प्रबंध समिति के लिए 10 सदस्य के लिए दावेदारी की गई। उसे समस्त उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से निर्विरोध दावेदार उम्मीदवार को प्रबंध समिति के लिए सदस्यों का चुनाव किया गया। निर्विरोध चयनित प्रबंध समिति के 10 सदस्यों में महिला एवं बाल विकास कार्यक्रम अधिकारी चंद्रवेश सिसोदिया, जिला खाद्य अधिकारी गणेश कुर्रे, मनीष बिंदल, कमल किशोर बागरेचा, शुभम जैन, सहायक संचालक लाइवली हुड रोशन लाल वर्मा, शत्रुहन सिंह साहू, जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे, भूपेन्द्र कुमार वर्मा एवं कोमल ठाकुर शामिल हैं।

प्रबंध समिति का प्रथम बैठक आगामी 29 नवंबर को अपरान्ह 2:30 बजे प्रबंध आयोजित की गयी है। 10 दस सदस्यों द्वारा अपने में से सभापति शत्रुहन सिंह साहू, उपसभापति चंद्रवेश सिसोदिया, कोषाध्यक्ष-डॉ कमल कपूर एवं राज्य हेतु जिला प्रतिनिधि के रूप-रोशन लाल वर्मा को निर्विरोध चुना गया। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने सभी चयनित सदस्यों को बधाई और शुभकामनाएँ दी। उन्होंने कहा कि रेडक्रॉस की राशि को जरूरतमंद के इलाज में लगाएं। उन्होंने कहा कि ज्यादा से ज्यादा रेड क्रॉस की सदस्य बने साथ कलेक्टर ने पीड़ित मानवता की सेवा करने की शपथ दिलाई।




## बालसमुंद में सीसी रोड निर्माण का जिपं सदस्य प्रज्ञा ने किया भूमिपूजन

**बेमेतरा।** मैं बेमेतरा की राजनीति में 15 साल से हूं, बेमेतरा जनपद पंचायत के अध्यक्ष के तौर पर आप लोगों की सेवा के दौरान या जब अभी 5 वर्ष से आपके जिला पंचायत प्रतिनिधि के तौर पर आप सबकी सेवा का सौभाग्य मुझे लोकतंत्र के मालिक देव तुल्य जनता जनार्दन ने दिया है।

बड़ी विनम्रता से आप लोगों को कहते हुए मुझे खुशी हो रही है कि कभी भी किसी काम के एवज में जिला पंचायत क्षेत्र के किसी सरपंच या सचिव से चवन्नी भी कमीशन के तौर पर नहीं लिया है और यही उम्मीद अपने सरपंचों और सचिवों से भी करती हूं। उक्त बातें बालसमुंद में सीसी रोड निर्माण के लिए भूमिपूजन करने पहुँची मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने कही। उन्होंने कहा कि देव तुल्य जनता ने हमें चुनकर जो सेवा का अवसर दिया है, उसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाएं। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों के प्रति बन चुकी आम धारणाओं को तोड़कर जनसेवकों की प्रतिष्ठा को पुनर्स्थापित करना है। भूमिपूजन कार्यक्रम का संचालन तुलसी साहू ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ सौरभ निर्वाणी ने की। विशिष्ट अतिथि सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष रामावतार साहू, पूर्व सरपंच रामकृष्ण साहू, जनपद सदस्य संतोषी साहू थीं। सरपंच गायत्री साहू, उप सरपंच हीरा लाल साहू,पंचायत सचिव नरेंद वर्मा, पंच पार्वती साहू, सन्तोष साहू, कमलनारायण साहू, रूखमणी साहू, रुखमेश कुर्रे सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।



## लोक सेवा गारंटी के तहत प्राप्त आवेदनों का निराकरण समय-सीमा के भीतर करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- समय सीमा की बैठक में कलेक्टर शर्मा ने अधिकारियों को दिए निर्देश

लोक सेवा गांरटी अधिनियम के अन्तर्गत प्राप्त होने वाले आवेदनों का निराकरण समय-सीमा के भीतर किया जाना सुनिश्चित किया जाए। लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत नागरिकों को विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं के माध्यम से समय-सीमा में लोगों को लाभ दिलाना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। इसके साथ ही पीएम पोर्टल, जनशिकायत पीजीएम, मुख्यमंत्री जन दर्शन सहित कलेक्टर जन दर्शन में आने वाले प्रकरणों का भी समय पर निराकरण सुनिश्चित करें।

उक्त बातें कलेक्टर रणबीर शर्मा ने कलेक्टोरेट में आयोजित समय-सीमा की बैठक में कहीं। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत टेकचन्द्र अग्रवाल, अपर कलेक्टर अनिल बाजपेयी,एडीएम प्रकाश भारद्वाज, संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी अंकिता गर्ग जिले के एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर श्री शर्मा ने कहा कि सभी विभागों में आमजनता से प्राप्त आवेदनों तथा समय सीमा के लंबित प्रकरणों का तेजी से निराकरण करने की बात कही। उन्होंने ने सभी सीएमओ को अपने- अपने निकाय में संचालित सभी शासन की योजनाओं को करने तथा कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने खाद्य विभाग से धान खरीदी कार्य के लिए खाद्य विभाग, सहकारिता और मार्कफेड सहित संबंधित विभागों को धान खरीदी केंद्रों में सभी मूलभूत सुविधाएं आवश्यक तैयारिया सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा की खरीदी के दौरान किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हों। यह भी सुनिश्चित करें कि सभी काम पूरी पारदर्शिता के साथ करें। उन्होंने उपार्जन केंद्रों में पहुंचने वाले किसान माइक्रो एटीएम के जरिए 2,000 रुपये से लेकर 10,000 रुपये तक की राशि तुरंत निकाल सकेंगे। इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए ताकि धान बेचने वाले किसानों को तत्काल नकदी की समस्या का समाधान हो सकें।



### योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए नवाचारी कार्य भी करें

बैठक में कलेक्टर ने विभिन्न योजनाओं का जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन करने वाले सभी विभागों को नवाचारी कार्य भी करने के निर्देश दिए। साथ ही कलेक्टर द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी से जाति प्रमाण पत्र के अद्यतन स्थिति की जानकारी ली गई तथा शेष बचे जाति प्रमाण पत्र के कार्यों को तेजी से कराने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर द्वारा जिले में पीएम श्री स्कूल अंतर्गत निर्माण और मरम्मत कार्य की अद्यतन स्थिति, मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना, उल्लास योजना अंतर्गत कार्यों की ऑनलाइन एंट्री आदि कार्यों की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए। इसके साथ ही कलेक्टर द्वारा डोर टू डोर कचरा संग्रहण, मास्टररोल की संख्या, मनरेगा के कार्यों आदि अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं की जानकारी ली गई तथा आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में उन्होंने ने जिले में आयुष्मान कार्ड निर्माण कार्य सहित स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत सिकलसेल स्क्रीनिंग, चिरायु योजना सहित अन्य प्रगतिरत कार्यों के अद्यतन स्थिति की जानकारी ली।

## हत्या के प्रयास में नाबालिग सहित तीन आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

**बालोद।** ग्राम टेकापार में हत्या के प्रयास करने के आरोप में बालोद पुलिस ने 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें से एक विधि से संघर्षरत बालक भी शामिल है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घटना 2 नवंबर 2024 को रात्रि करीबन 12:15 बजे की है। रामनगर कलामंच के पास ग्राम टेकापार में सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान गांव के खिलेश चिल्ला रहा था, जिसे प्रार्थी सतीश कुमार यादव निवासी टेकापार ने हल्ला करने से मना किया। इस पर खिलेश पटेल और उसके साथी रोहन जोशी और विधि से संघर्षरत बालक तीनों ने धमकी देते हुए सतीश कुमार यादव की लात-घूसों से पिटाई शुरू कर दी।







